# अयोध्या औद्योगिक नगरी के रूप में विकसित होगी: नंदी

**अयोध्या, संवाददाता।** बूथ नम्बर चार स्थित एक होटल में आयोजित उद्यमी समाधान दिवस के तहत प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने मंडल के उद्यमियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या की पहचान धार्मिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक नगरी के रूप में है। औद्योगिक नगरी के रूप में भी अयोध्या की पहचान स्थापित हो, इसके लिए हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मंत्री ने कहा कि जिस प्रकार से प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद वैश्विक परिदृश्य में अयोध्या का सांस्कृतिक गौरव पुर्नस्थापित हुआ है। यहां पर धार्मिक पर्यटन की सम्भावनाओं में व्यापक वृद्धि हुई है। जिससे हास्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश की सम्भावनाओं के द्वार खुले हैं। हमारी प्राथमिकता है कि हास्पिटैलिटी, टूर एंड ट्रैवेल्स के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा दिया जाए।